आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 23.03.2024

मुख्य समाचारः—

1— सुकमा—बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए—आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से बस्तर फाइटर्स के दो जवान घायल।

2— निर्वाचन आयोग ने बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए उन्नीस अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान का समय निर्धारित किया।

3— लोकसभा चुनाव के तहत छत्तीसगढ़ के लिए दस सेवाओं को "अनिवार्य सेवा" के रूप में अधिसूचित किया गया।

4— मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे हैं विविध जागरूकता कार्यक्रम।

माओवादी मुठभेड़/आईईडी विस्फोट

सुकमा—बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए हैं, जिनका शव बरामद कर लिया गया है। वहीं, आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से बस्तर फाइटर्स के दो जवान भी घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए रायपुर लाया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर जिले के गंगालूर और मुतवेंडी से डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन, एसटीएफ तथा सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र के सिलगेर से डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी। इसी दौरान पिड़िया के जंगल में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। जवानों को हावी होता देख माओवादी जंगल का फायदा उठाकर भाग गए। बाद में घटनास्थल की तलाशी के दौरान दो माओवादियों के शव के अलावा हथियार बरामद किए गए।

इससे पहले, सुकमा जिले के जगरगुंड़ा थाना क्षेत्र में डोडी—तुमनार के जंगल में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से बस्तर फाइटर्स के दो जवान घायल हो गए हैं। घायल जवानों को उपचार के लिए रायपुर लाया गया है, जिनकी स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर बताई गई है।

बस्तर लोकसभा चुनाव—मतदान समय

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के तहत बस्तर सीट के लिए पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान का समय निर्धारित कर दिया गया है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में शामिल अलग—अलग विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग—अलग समय निर्धारित किया गया है। बस्तर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र — कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। वहीं बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। इसी तरह, जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के एक सौ पचहत्तर मतदान केन्द्रों में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक और बहत्तर मतदान केन्द्रों में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा।

इस बीच, निर्वाचन आयोग ने बस्तर लोकसभा क्षेत्र में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डॉक्टर जे. गणेशन को सामान्य प्रेक्षक और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रामकिशुन को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया है।

## निर्वाचन आयोग—अनिवार्य सेवा

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तहत छत्तीसगढ़ के लिए दस सेवाओं को "अनिवार्य सेवा" के रूप में अधिसूचित किया है। इनमें स्वास्थ्य, बिजली, रेल परिवहन, डाक, टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आकाशवाणी, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र प्राप्त मीडियाकर्मी और भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा चुनाव के अंतर्गत अधिसूचित "अनिवार्य सेवाओं" के राज्य स्तरीय विभागीय नोडल अधिकारियों की आयोजित बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते है, केवल उनके लिए डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप बारह—घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन करना होगा। कर्मचारी को आवेदन में अपना मोबाइल नम्बर, वोटर आईडी नंबर और मतदाता सूची में भाग संख्या तथा सरल क्रमांक सही—सही दर्ज करना होगा। उन्हें वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति भी साथ में संलग्न करनी होगी।

बैठक में बताया गया कि निर्धारित समयावधि तक प्राप्त सभी पात्र अनिवार्य श्रेणी के मतदाताओं को जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित कर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

लोकसभा चुनाव में शत—प्रतिशत मतदान और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रदेशभर में विभिन्न जागरूता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रायपुर जिला प्रशासन द्वारा रायपुर—कला केंद्र में "स्वीप रसरंग" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले भी शामिल हुई। इस मौके पर उन्होंने "वोट देबर जाबो, चुनई तिहार मनाबो" के नारे के साथ लोगों से लोकसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की। वहीं, रायपुर के जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर गौरव सिंह ने शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि स्वीप के तहत क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान स्वीप खिचड़ी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने गाने, संगीत, नाटक सहित कई प्रस्तुतियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया।

उधर, कोंडागांव जिले में स्व—सहायता समूहों की महिलाओं ने विभिन्न स्थानों पर मेहंदी और रंगोली सजाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही बड़ेडोंगर में मतदाता जागरूकता नारों के साथ रैली भी निकाली गई।

वहीं, सक्ती जिले के विभिन्न क्षेत्रों में होली मिलन उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही महिलाओ द्वारा आकर्षक रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।

इसी तरह, बेमेतरा जिला प्रशासन द्वारा साइकिल रैली का आयोजन कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इसमें अधिकारी—कर्मचारियों सहित स्कूली बच्चे और आम नागरिक शामिल हुए।

## भाजपा—विधानसभा स्तरीय सम्मेलन

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज महासमुंद और दुर्ग में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। महासमुंद में आयोजित सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता अरूण साव ने कहा कि मोदी की गारंटी वाले महत्वपूर्ण वायदों को प्रदेश की भाजपा सरकार ने सौ दिनों के भीतर ही पूरा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों और महिलाओं के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

वहीं, दुर्ग में भी विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री और भाजपा नेता ओ.पी. चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा किसानों से इकतीस सौ रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की गई है। धान के अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान किसानों के बैंक खातों में किया जा चुका है। एक सवाल के जवाब में श्री चौधरी ने कहा कि पिछले तीन महीने में हमारी सरकार ने जितना कर्ज लिया है, उससे डेढ़ गुना से भी अधिक राशि केवल किसानों और महिलाओं के कल्याण के लिए खर्च की है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ की वित्तीय व्यवस्था को बेहतर करके दिखाएगी।

कांग्रेस–आरोप

वहीं, दूसरी ओर, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने आरोप लगाया है कि केन्द की एनडीए सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के वायदे को पूरा नहीं कर पाई है। एनडीए सरकार की नीति से किसान परेशान है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों को उनकी उपज की पूरी कीमत देने का इंतजाम किया जाएगा।

वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने भी आरोप लगाया है कि केन्द्र की एनडीए सरकार दस वर्षों में जनता को महंगाई से राहत नहीं दिला पाई है। महंगाई का असर त्योहारों पर भी दिखाई दे रहा है। खाद्य पदार्थों की कीमतें भी यूपीए सरकार की तुलना में दोगुनी हो गई हैं। इसके लिए मुनाफाखोरी की नीतियां जिम्मेदार है।

होलिका दहन

कल चौबीस मार्च को होलिका दहन होगा और पच्चीस मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा। होली त्योहार को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में पिचकारी, रंग–गुलाल, पूजन सामग्री और मिठाइयों की दुकानें सज गई हैं। वहीं, दोहिका दहन को लेकर भी गली–मोहल्लों और चौक–चौराहों में तैयारियां की जा रही हैं।

इससे पहले, राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रायपुर प्रेस क्लब में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पत्रकारों ने रंग–गुलाल खेलकर और फाग गीत गाकर एक–दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने होली पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि रंगो का उत्सव होली एक सांस्कृतिक और पारंपरिक त्यौहार है।

विश्व टीबी दिवस

कल विश्व टीबी दिवस है। इस उपलक्ष्य में आज राजधानी रायपुर के घड़ी चौक स्थित मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में विश्व टीबी दिवस कार्यशाला और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर मिथिलेश चौधरी ने बताया कि टीबी रोग को लेकर लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष चौबीस मार्च को विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व टीबी दिवस की थीम है – ''हॉ हम टीबी खत्म कर सकते हैं''। कार्यक्रम में सौ से अधिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता और अधिकारी–कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान शपथ और हस्ताक्षर अभियान का भी आयोजन किया गया।

हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन

कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''सुकमा'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

– आज शहीद–ए–आजम भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव का शहीदी दिवस है। आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ इकतीस में लाहौर षडयंत्र मामले में इन तीनों महान शहीदों ने देश की आजादी के लिए हंसते–हंसते फांसी के फंदे को गले से लगा लिया था।

– बीजापुर जिले में आदर्श आचार संहिता के दौरान चेकपोस्ट पर ड्यूटी में तैनात सहायक उप निरीक्षक सोमनाथ ठाकुर को राहगीरों से दुर्व्यवहार करने के मामले में निलंबित कर दिया गया है।

– कबीरधाम जिले में पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम इंदौरी के पास दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई भिडंत में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है।

– जांजगीर–चांपा जिले की शिवरीनारायण पुलिस ने वन और पुलिस विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर तीन लोगों से करीब ग्यारह लाख रूपये की ठगी के मामले में एक ही परिवार के तीन लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><
><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><
><>